# बिहार सरकार
## निर्वाचन विभाग

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

1. कार्यों की विवरणीः– पीठासीन पदाधिकारी के लिए सामग्रियों हेतु Nylon Navy Blue बैग
2. महत्वपूर्ण तिथियाँः–

| | | |
|---|---|---|
| i. | निविदा निर्गत करने की तिथि | दिनांकः–01.09.2025 |
| ii. | प्री बिड पृच्छा की अंतिम तिथि | दिनांकः–06.09.2025 समय 03:00 बजे अपराहन तक। |
| iii. | प्री बिड पृच्छा का जवाब अपलोड की तिथि | दिनांकः–08.09.2025 |
| iv. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांकः–16.09.2025 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| v. | भौतिक रूप में कार्यालय में सामग्री समर्पित किये जाने की तिथि एवं समय | दिनांकः–17.09.2025 समय 01:00 बजे अपराह्न। |
| vi. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांकः–17.09.2025 समय 03:00 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| vii. | निविदा खोलने का स्थान | सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| viii. | निविदा की वैधता अवधि | 1 वर्ष |
| ix. | संपर्क पदाधिकारी | संयुक्त सचिव (8544429904) / I.T. MANAGER (8114593952) |

3. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा।
4. विस्तृत जानकारी निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के वेवसाइटः–ceoelection.bihar.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

20/8/25

(मिथिलेश कुमार साहु)
संयुक्त सचिव,
निर्वाचन विभाग,
बिहार, पटना।

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी, जो निम्नवत् है–

| क्रमांक | कार्य विवरणी एवं विशिष्टियाँ | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 1. पीठासीन पदाधिकारी के लिए सामग्री की थैला की विशिष्टियाँ:–Fabric (1000 Denier Navy Blue), Two Zipper Compartment, Back Padded With net, Side Water Bottle (Both Side) Pocket, Padded adjustable Straps, Top Grab Handle, Inside nylon linningfr, Two Grip Holder on Bottom, Bag Size-20x12 inch Length Width Depth size-8 inch Botton depth size-8 inch, 4 inch x 3inch<br>Name Holder OHP material on Front Top, Multi Colour Branding on top, Card Holder on front, | 1,00,000 / – अदद |

2. महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| | |
|---|---|
| i. निविदा निर्गत करने की तिथि | दिनांकः–01.09.2025 |
| ii प्री बिड पृच्छा की अंतिम तिथि | दिनांकः–06.09.2025 समय 03:00 बजे अपराहन तक। |
| iii प्री बिड पृच्छा का जवाब अपलोड की तिथि | दिनांकः–08.09.2025 |
| iv निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांकः–16.09.2025 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| v. भौतिक रूप में कार्यालय में सामग्री समर्पित किये जाने की तिथि एवं समय | दिनांकः–17.09.2025 समय 01:00 बजे अपराह्न। |
| vi.निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांकः–17.09.2025 समय 03:00 बजे अपराह्न।<br>(सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| Vii निविदा खोलने का स्थान | सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| Viii निविदा की वैधता अवधि | 1 वर्ष |
| Xi निविदा शुल्क की राशि | रू0 1000 / –रुपये का ऑनलाईन मोड |
| x अग्रधन राशि (थैला हेतु) | 8,00,000 / – (आठ लाख) रुपये का ऑनलाईन मोड यानि इन्टरनेट भुगतान गेटवे (क्रेडिट / डेबिट कार्ड), नेट बैंकिंग, एन ई एफ टी / आर टी जी एस के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है। |
| xi सम्पर्क पदाधिकारी | संयुक्त सचिव (8544429904) / I.T. MANAGER (8114593952) |

3. ई–टेंडरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु निविदादाता को eproc-2के साथ निबंधन कराना होगा, वेबसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें User ID तथा Password मिलेगा। निविदादाता को DSC (Digital Signature Certificates) भी प्राप्त करना होगा। User ID, Password, DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. निविदा को केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। प्री–बिड की पृच्छा ई–मेल ceo_bihar@eci.gov.in पर भेजा जा सकता है।
5. निविदादाताओं को सिर्फ वेबसाईट पर ही निविदा कागजात प्राप्त (डाउनलोड) एवं जमा (अपलोड) करना होगा। सुनिश्चित जगहों पर भरे गये विहित प्रपत्रों एवं आवश्यक कागजातों को समर्पित करना होगा। निविदा खुलने की जानकारी तथा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र की जानकारी वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त होगी।
6. (i) e-proc 2.0 प्रणाली के तहत् मात्र online विधि से समर्पित निविदा शुल्क / EMD (अग्रधन की राशि) ही स्वीकार किये जायेंगे यदि किसी निविदादाता के द्वारा भौतिक रूप से EMD जमा किया जाना आवश्यक हो तो मात्र B.G (Bank Guarantee) ही स्वीकार किया जायेगा, निविदादाता निविदा कागजात के साथ B.G को Scan कर अपलोड करेंगे तथा B.G भौतिक रूप से संबंधित कार्यालय में जमा करेगे। अगर अग्रधन की राशि B.G. के

रूप में दी जाती है तो B.G. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन विभाग के नाम से वाणिज्यिक Scheduled बैंक से निर्गत होना आवश्यक है (B.G. का निर्गमन तिथि निविदा प्रकाशन के बाद की होनी चाहिए), इस प्रणाली के तहत बैंक गारण्टी के सत्यापन की व्यवस्था होगी।

(ii) निविदादाता द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि पर किसी प्रकार का सूद विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

(iii) बिड प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन मोड यानि इन्टरनेट भुगतान गेटवे (क्रेडिट/डेबिट कार्ड), नेट बैंकिंग, एन ई एफ टी/आर टी जी एस के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

आवश्यक ऑनलाईन भुगतान के साथ बिड, इस निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित तिथि एवं समय से पहले, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eproc2.bihar.gov.in पर अपलोड किया जाना आवश्यक है। इन्टरनेट कनेक्शन, नेटवर्क ट्रैफिक/अवकाश (छुट्टियाँ) या अन्य किसी भी कारण से हुए विलम्ब/निविदा दाखिल (Submit) नही होने/ऑनलाइन भुगतान के रि–कॉन्सिलिएशन (Reconciliation) नहीं होने की स्थिति के लिए विभाग की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

7. निविदादाता स्कैन कर कागजातों को अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक संख्या/पृष्ठ संख्या के आधार पर शीघ्र खोजा जा सके। सभी अभिलेख पीडीएफ (Pdf), एमएस वर्ड (MS Word), कम्पेटीबिलिटी मोड (Compatibility Mode), जेपीईजी फॉरमेट (JPEG Format) में ही अपलोड किये जाए, अन्य फारमेट (Format) में अपलोड डॉक्यूमेंटस के डाउनलोड/ओपेन नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।
8. निविदादाता की यह जवाबदेही है कि वे स्कैन कर अपलोड किए गये कागजातों की डाउनलोडेबिलिटी/विजिबिलिटी (Downloadability/visibility) के संबंध में पूर्ण रूपेण संतुष्ट हो लेंगे।
9. इन्टरनेट सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि होने से संबंधित कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। अतः निविदादाताओं को चाहिए कि अंतिम समय के पूर्व ही कठिनाइयों से बचने हेतु बिड को अपलोड कर लें।
10. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बिना पूर्व सूचना के एवं बिना कारण बताए निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
11. (i) राज्य सरकार के किसी विभाग या संस्थान में किसी भी श्रेणी में काली सूची में डाले गये अथवा कार्यों से वंचित (debarred) निविदादाता इस निविदा में भाग लेने के योग्य नहीं होंगे।

    (ii) निविदा सूचना की अन्य सभी शर्तो को पूरा करने के बावजूद, कोई निविदादाता निविदा में भाग लेने के योग्य नहीं होंगे यदिः–

    a. निविदादाता के द्वारा किसी निर्धारित प्रपत्र, विवरणी, शपथ पत्र या योग्यता प्रमाण पत्र के रूप में समर्पित किसी कागजात या दस्तावेज में गलत या गुमराह करने वाला तथ्य समर्पित किया गया हो।

**तकनीकी निविदा के साथ अपलोड किये जाने वाले कागजातः–**

12. निविदा दर प्रस्ताव के साथ तकनीकी बीड में एक पृथक पृष्ठ (चेकलिस्ट) पर निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों/वांछित सूचनाओं पृष्ठ संख्या के साथ अंकित करते हुए अपलोड किया जाना है। निविदादाता द्वारा तकनीकी बिड में समस्त प्रमाण पत्रों को स्वहस्ताक्षरित करके अपलोड करना अनिवार्य है।

    (i) अग्रधन–8,00,000/– (आठ लाख) रुपये का ऑनलाईन मोड यानि इन्टरनेट भुगतान गेटवे (क्रेडिट/डेबिट कार्ड), नेट बैंकिंग, एन ई एफ टी/आर टी जी एस के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है।

    बेबसाईट पर टेंडर में निविदा प्रपत्र उपलब्ध है। ई–निविदा प्रपत्र में दर्शाये गये स्वरूप में ही अग्रधन की राशि स्वीकार होगी। अग्रधन के रूप में जमा किए जाने योग्य Bank Guarantee (B.G.) की मूल प्रति निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के कार्यालय में दिनांक–17.09.2025 (निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले कार्य दिवस) के 01:00 बजे अपराहन् तक जमा किया जाना है। ऐसा नहीं करने पर निविदा मान्य नहीं होगा।

    (ii) अग्रधन की राशि पर कोई सूद देय नहीं होगा।

    (iii) निम्नांकित मामलों में अग्रधन की राशि जब्त की जा सकेगी:–

    a. निविदा की अंतिम तिथि के उपरांत निविदा वापस लेने की स्थिति में।

    b. सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यादेश स्वीकार नहीं किये जाने की स्थिति में।

    c. यदि निविदादाता द्वारा निविदा में कोई गलत सूचना दी जाती है।

    (iv) निविदादाता का फर्म कंपनी अधिनियम 1956/2013 के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।

    (v) निविदादाता का फर्म जी0एस0टी0 के अन्तर्गत निबंधित होना चाहिए। इससे संबंधित निबंधन प्रमाण–पत्र तथा अद्यतन जी0एस0टी0 जमा करने का प्रमाण–पत्र अपलोड करना होगा।

    (vi) निविदादाता का फर्म का कार्यालय, बिहार में होना अनिवार्य है। जिसका स्वामित्व प्रमाण पत्र/किराया की स्थिति में अनुबंध की प्रति दिया जाना है।

(vii) निविदादाता को बैग आपूर्ति का कम से कम 05 सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था का अनुभव होना अनिवार्य है। साथ ही विगत 03 वर्षो (2022–23, 2023–24, 2024–25 में कम से कम 03 कार्यादेश 5000 अदद बैग का अथवा 01 कार्यादेश 8000 अदद का होना चाहिए।

(viii) निविदादाता फर्म को किसी भी सरकारी विभाग/अर्द्धसरकारी संस्थान, निगम, निकाय, समिति द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं होने एवं किसी भी तरह के केस–मुकदमे में लिप्त/लंबित न होने से संबंधित नोटराईज्ड शपथ–पत्र (शपथ–पत्र निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का) अपलोड करना होगा। घोषणा का शपथ पत्र :–

**"मैं अधोहस्ताक्षरी (साफ–साफ बड़े अक्षरों में नाम) ............................................ सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी श्री ............................................ शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि :–**

**(क) मेरे/हमारे विरूद्ध किसी प्रकार का आपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।**

**(ख) मुझे/हमें किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा डीबार (Debar), ब्लैकलिस्टेड (Blacklisted) अथवा विगत एक वित्तीय वर्ष के अन्दर रिसाइन्ड (Rescind) नहीं किया गया है।**

**(ग) निविदा में संलग्न सभी प्रमाण–पत्र, कागजात, विवरणी सत्य है।**

**उपर्युक्त कंडिका 'क' एवं 'ख' में गलत सूचना देने का दोषी पाये जाने अथवा कंडिका 'ग' में से कोई अभिलेख असत्य, नकली, जाली पाये जाने पर सक्षम प्राधिकार, मेरे/हमारे ऊपर विधि सम्मत दण्ड, मेरे/हमारे निबंधन को काली सूची में दर्ज करने, प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होंगे।"**

(ix) विगत तीन वर्षो (वर्ष–2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) का आयकर रिटर्न तथा पैन कार्ड की छायाप्रति अपलोड करना होगा।

(x) निविदादाता का टर्नओवर विगत तीन वर्षो में कम–से–कम ₹5,00,00,000/– (पाँच करोड़) रुपये प्रति वर्ष होना चाहिए। इससे संबंधित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट का प्रमाण पत्र तथा विगत तीन वर्षो (वर्ष–2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) की अंकेक्षित बैलेंस सीट अपलोड करना होगा।

(xi) निविदादाता को विगत 08 वर्षो में निर्वाचन कार्य किये जाने का अनुभव अनिवार्य है।

(xii) निविदादाता को सामग्री उत्पादन की स्वयं की क्षमता होनी चाहिए तथा निविदा के अंतर्गत किसी भी शर्ते पर उप अनुबंध अनुमान्य नही है।

(xiii) निविदादाता फर्म को गुणवत्ता कार्य हेतु ISO 9001 का प्रमाण–पत्र जो कि निविदा के प्रकाशन तिथि से पूर्व का हो संलग्न करना अनिवार्य है।

(xiv) निविदादाता फर्म अथवा फर्म के प्रोपराईटर/निदेशक को किसी राजनैतिक दल से सम्बद्ध नहीं होने का शपथ पत्र लगाना होगा।

13. **भौतिक रूप से कार्यालय में समर्पित किये जाने वाले कागजात/सामग्री–**

(i) निंविदा की सामग्री नमूना के रूप में एवं BG के रूप में यदि EMD जमा हो तो उसकी हार्ड प्रति भौतिक रूप में कार्यालय में अंतिम तिथि एवं निर्धारित समय तक उपलब्ध कराना होगा।

14. **वित्तीय निविदा**

(i) वित्तीय निविदा में अनुलग्नक–I में विहित प्रपत्र में अंकित करना होगा।

15. **निविदा निष्पादन**

(i) उपर्युक्त कंडिका–12 के (i) से (xiii) में से कोई कागजात eproc2 पर अपलोड (Upload) नहीं करने एवं कंडिका–13 का कागजात ससमय निर्धारित अवधि तक जमा नहीं करने की स्थिति में उनके तकनीकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ii) निविदा समिति द्वारा (निविदा निष्पादन की प्रदत्त शक्ति के अन्तर्गत) अभिलेखों के जाँचोपरान्त निविदा का निष्पादन किया जायेगा।

(iii) निविदा खोलने के उपरान्त सफल न्यूनतम दरदाता/निविदादाता की निविदा स्वीकार की जायेगी।

(iv) निविदा में सफल एकाधिक निविदादाताओं से उद्धृत दर समान होने पर लॉटरी के आधार पर L1 का चयन किया जायेगा।

(v) निविदा में कार्य की मात्रा को देखते हुए 01 से ज्यादा निविदादाता का चयन किया जायेगा बर्शेते की निविदादाता L1 पर कार्य के लिए इच्छा व्यक्त करें।

16. **अन्य शर्तें:–**

(i) आवश्यकतानुसार सामग्रियों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है, जो निविदादाता को मान्य होगा।

(ii) क्रय की जाने वाली सामग्री का नमूना निर्वाचन विभाग के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस को आकर देखा जा सकता है।

(iii) विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये डिजाइन के अनुरूप अंतिम रुप से अनुमोदित डमी सामग्री प्राप्ति की तिथि से 07 (सात)–10 (दस) दिनों के अन्दर अचूक रुप सें तैयार कर चिन्हित स्थलों पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

(iv) तकनीकी निविदा में सफल फर्म ही वित्तीय निविदा में स्थान पा सकेंगे।

(v) प्रक्रिया में वही फर्म/एजेंसी/संस्था भाग ले सकेंगी जो प्रचलित नियमों के अन्तर्गत पंजीकृत/नवीनीकृत हों तथा जिन्होंने तकनीकी निविदा प्रपत्र में लिखित अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की सत्य प्रमाणित प्रति संलग्न की हो।

(vi) सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।

(vii) जिस निविदादाता की निविदा स्वीकार की जायेगी उसको कार्यादेश के पूर्व विभाग द्वारा निर्धारित अनुबन्ध कराने हेतु सूचित किया जायेगा। अनुबन्ध पर होने वाला व्यय निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा।

(viii) सफल निविदादाता को छोड़कर बाकी अन्य सभी निविदादाताओं को अग्रधन की राशि कार्यादेश निर्गत होने के उपरांत eproc2 से स्वतः वापस कर दी जायेगी।

(ix) कार्य आवंटन के पूर्व संबंधित एजेन्सी को अनुबंध पत्र के साथ निविदा की राशि का 5% Performance Security के रूप में एकरारनामा के साथ जमा करना होगा, की वैधता कम–से–कम 01 वर्ष होनी चाहिए, जो सफलतापूर्वक कार्य संपादन के पश्चात वापस कर दी जायेगी।

(x) सफल निविदादाता को अग्रधन की राशि अनुबंध के साथ Performance Security की राशि समर्पित करने के पश्चात् वापस कर दी जायेगी।

(xi) स्वीकृत निविदादाता को समस्त कार्य विभाग द्वारा समय–समय पर दिये गये आदेशानुसार ही करना होगा। किसी प्रकार के छोटे–मोटे बदलाव के लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

(xii) निर्धारित अवधि के बाद विलम्ब से आपूर्ति होने की स्थिति में निम्नवत् कटौती की जायेगी, जिसकी अवधि विशेष परिस्थिति में कार्यादेश में अंकित की जा सकती है।

| **निर्धारित अवधि से विलंब में आपूर्ति होने पर** | **विलम्ब से आपूर्ति सामग्रियों की देय राशि पर कटौती की प्रतिशत दर** |
|---|---|
| 05 दिन विलंब होने पर | 2% |
| 10 दिन विलंब होने पर | 5% |
| दो सप्ताह से अधिक विलंब होने पर | सामग्री प्राप्त नहीं की जायेगी एवं भुगतान का कोई दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही एजेन्सी को काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी। |

(xiii) उपर्युक्त सभी शर्तों एवं उपबंधों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा किसी एक भी शर्त/उपबंध को किसी समय पूरा नहीं करने की स्थिति में उक्त निविदा को रद्द करते हुए निविदादाता के विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

(xiv) यदि इस विभाग के संज्ञान में संबंधित एजेन्सी द्वारा कार्य संपादन में कोई संगीनचूक होने या संबंधित एजेंसी द्वारा दायित्वों का निर्वहन नहीं करने से कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, या सफल निविदादाता द्वारा निविदा में निर्धारित शर्तों से विचलन की स्थिति में एजेन्सी का अनुबंध समाप्त कर Performance Security के रूप में जमा राशि जब्त करने के साथ–साथ संबंधित एजेन्सी को काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जा सकती है।

(xv) सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित होने चाहिये तथा इंडेक्स संलग्न करना आवश्यक है।

(xvi) कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक वर्ष के लिए निविदा प्रभावी रहेगा। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर विशेष परिस्थिति में किसी नियत अवधि के लिए अथवा अल्प अवधि के लिए इसे पूर्व निर्धारित दर पर चयनित एजेन्सी एवं विभाग की सहमति से विस्तारित किया जा सकता है।

(xvii) निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/रद्द/परिवर्तित करने का सर्वाधिकार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का होगा।

30/4/25

**(मिथिलेश कुमार साहु)**
संयुक्त सचिव
निर्वाचन विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– B1-5-05/2025-3291 पटना, दिनांक 30 अगस्त, 2025 ई0।

प्रतिलिपिः–निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार, पटना को चार अतिरिक्त प्रतियों के साथ प्रमुख समाचार पत्रों में आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित

30/8

संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः– 3291 पटना, दिनांक 30 अगस्त, 2025 ई0।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. निविदा को इस तरह अपलोड कराया जाय कि तकनीकी एवं वित्तीय निविदा की तुलनात्मक विवरणी निविदा खोलने के समय प्राप्त हो सके।

30/8

संयुक्त सचिव

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग

# वित्तीय निविदा हेतु प्रपत्र (दर कर रहित अंकित की जानी है):–

| क्र0सं0 | कार्यों की विवरणी | कुल मात्रा | प्रति एक अदद का दर (कर रहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 1. पीठासीन पदाधिकारी के लिए सामग्री की थैला की विशिष्टियाँ:–Fabric (1000 Denier Navy Blue), Two Zipper Compartment, Back Padded With net, Side Water Bottle (Both Side) Pocket, Padded adjustable Straps, Top Grab Handle, Inside nylon linning, Two Grip Holder on Bottom, Bag Size-20x12 inch Length Width Depth size-8 inch Botton depth size-8 inch, 4 inch x 3inch Name Holder OHP material on Front Top, Multi Colour Branding on top, Card Holder on front. | 1,00,000 /– अदद | |